''विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान''

सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज (आवासीय)

रज्जूभैया सरस्वती विहार शिकारपुर (बुलन्दशहर)

www.ssvmic.com, ssvmic131@gmail.com, SURAJBHAN SARASWATI VIDYA MANDIR INTER COLLEGE

Kratika -The Creation of Stars

कृतिका -तारों का सृजन

वन्दना

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना
या ब्रह्मच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥१॥
शुक्लां ब्रह्मविचार सार परमामाद्यां जगद्व्यापिनीम्
वीणा-पुस्तक-धारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम्।
हस्ते स्फाटिकमालिकां विदधतीं पद्मासने संस्थिताम्
वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम्॥२॥

सम्पादक की कलम से

कण कण में भगवान है अर्थात भगवान, भ से भूमी, ग से गगन, वा से वायु, आ से अग्नि, न से नीर मिल कर श्रष्टी की संपूणता होती है और इसके घटकों से सम्पूर्ण जीवन की कल्पना साकार होती है। इसी प्रकार विद्यालय के पंच घटक आचार्य, प्राधानाचार्य, अभिभावक, प्रबन्ध समिति, बालक हैं। इन्हीं के द्वारा बालक का निर्माण सम्भव होता है अतः कृतिका त्रमासिक पत्रिका बालक की वैचारिक शक्ति में उस निर्माण का हिस्सा है। इसी विश्वास के साथ द्वितीय अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है।

मुकेश चंद शर्मा

अटल टिकरिंग लैब में कार्यशाला आयोजन

हृदय उद्गार

धर्मेन्द गर्ग
वरि० उपाध्यक्ष

''कृतिका के द्वितीय अंक के प्रकाशन पर मेरी ओर से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाऐं''

मुन्ना लाल मित्तल
कनि० उपाध्यक्ष

''त्रैमासिक समाचार पत्र 'कृतिका' के द्वितीय अंक की सफलता हेतु शुभकामनाऐं''

विनोद बंसल
उप प्रबन्धक

''कृतिका के द्वितीय अंक के प्रकाशन पर कोटि कोटि धन्यवाद'

"From the desk of The Principal"

जीवन में दो ही लोग असफल होते है -
एक वो जो सोचते है .. लेकिन करते नहीं
दूसरे वो जो करते है.. पर सोचते नहीं
अतः विचार शक्ति व्यक्ति में होनी चाहिए

''महान कार्यों की सर्वप्रथम आवश्यकता आत्मविश्वास है।''

अज्ञानता मन की ऐसी रात है जिसमें न चाँद उगता है न तारे।

News Letter Vol. 2 Oct. 2018 - Dec. 2018

विद्यालय में आयोजित विभिन्न जयन्ती, कार्यक्रम व उत्सव

- दिनांक 02.10.2018 को विद्यालय प्रांगण में आचार्य श्री केशव कुमार जी के संयोजन में सत्य व अहिंसा के पुजारी **राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती का कार्यक्रम** आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री बिजेन्द्र दत्त शर्मा जी व प्रबन्धक श्री अजीत प्रसाद जी जैन ने संयुक्त रूप से ध्वजा रोहण किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य श्री नरेन्द्र सिंह निरालाजी ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र। छात्राओं से उनके जीवन से सादगी तथा समय पालन जैसे महान गुणों को आत्मसात करने का आहवान किया। आचार्य श्री बृजेश कुमार तिवारी जी ने गाँधी जी द्वारा वर्णित पापों का वर्णन किया। गाँधी जी के अनुसार श्रम के बिना संपदा, अंतरात्मा के बिना आनन्द, चरित्र के बिना ज्ञान, नैतिकता के बिना विज्ञान, त्याग के बिना प्रार्थना तथा सिद्धान्त हीन राजनीति पाप है। अत: हम सभी को इन पापों से बचना चाहिए। प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।
- दिनाँक 16.10.2018 को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक **विजयादशमी कार्यक्रम** मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य श्री हरकेश कुमार मीणा जी ने इस पर्व से जुड़ी भगवान श्री राम की कथा को विस्तार से रखा तथा उन्होंने सभी से भगवान राम जैसे गुणों को अपने अन्दर उत्पन्न कर मन में छिपे रावण को मारने का आहवान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्या श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने छात्र/छात्राओं से मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जीवन से एक आदर्श पुत्र-एक आदर्श-शिष्य व एक आदर्श भाई व मित्र के गुणों की आत्मसात करने का आहवान करते हुए इस पर्व की शुभकामनाऐं प्रेषित की।
- दिनांक 24.10.2018 को आचार्य श्री मुकेश चन्दशर्मा जी के संयोजन में **महर्षि वाल्मीकि जयन्ती कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य श्री केशव कुमार जी ने रत्नाकार डाकू से महर्षि वाल्मिीकि बनने तक के उनके जीवन वृतान्त को विस्तार से प्रस्तुत किया तथा छात्र/छात्राओं को कर्म के प्रभाव को विस्तार से समझाते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने आत्मा की पवित्रता पर जोर देते हुऐ कहा कि आत्मा के मलीन होने पर वाल्मीकि 'राम' नाम का उच्चारण तक नहीं कर सके थे।
- दिनांक 29.10.2018 को कु० अखिलेश जी व सोनाली जी के संयोजन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर वर्ग में कु० नीशू 6A तथा सीनियर वर्ग में कु० कुमकुम 12B ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जू० वर्ग कु० लवी 7A व मैया त्रिदेव 8A ने क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में कु० दुर्गेश 12B तथा कु० खुशबू रानी गुप्ता ने क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थानप प्राप्त किया।

- दिनांक 30.10.2018 को विद्यालय में कु० अखिलेश जी के संयोजन में दीप व थाल सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें-मैया हर्ष गुप्ता 8A व कु० निधि XII B ने प्रथम, भैया कुनाल 8A व वहन कु० कशिश 9A ने द्वितीय तथा कु० प्रियांशी व कु० ज्योति 7A व कु० आंचल कौशिक 12D ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में श्रीमती कल्पना जी कु० सोनाली जी रहीं।
- दिनाँक 5.11.2018 को **दीपावली कार्यक्रम** मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता आचार्य श्री बृजपाल सिंह जी ने अपने सम्बोधन में इस लौकिक दीपावली के साथ-साथ अन्त: करण की दीपावली पर जोर देते हुए कहा कि सिर्फ बाहरी दीपकों से अन्धकार समाप्त नहीं हो सकता जब तक कि हम परम पिता से नाता जोड़कर अपने अन्तस के दीपक को नहीं जलाते, अज्ञान रूपी अंधकार समाप्त नहीं हो सकता। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश कुमार शर्मा जी ने किया। प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने अपने अधयक्षीय सन्देश में सभी को इस पर्व की शुभकामनाऐं प्रेषित की।
- दिनांक 14.11.2018 को विद्यालय में **बाल दिवस कार्यक्रम** का आयोजन आचार्य श्री गजेन्द्र सिंह जी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य श्री मुकेश चन्द शर्मा जी नें पं० जवाहर लाल नेहरू की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका तथा उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी मृत्यु वाले दिन उनकी मेज पर लिखी मिली महान कवि राबर्ट फास्ट की उनकी मन पसन्द कविता की पंक्तियों को भी दोहराया:-

''वन है सुन्दर और सघन पर मुझको वचन निभाना है।
नींद सताये इसके पहले कोसों जाना है, मुझको कोसों जाना है।।''

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने सभी से नेहरू जी के देश भक्ति के गुणों को अपनाने का आहवान किया तथा भैया, बहनों को बाल दिवस की शुभकामनाऐं दी।

- दिनांक 28.11.2018 को 'विद्या प्रकाशन' के सौजन्य से **''आधुनिक युग में शैक्षिक परिदृश्य''** विषय पर सैमीनार आयोजित की गई। जिसमें डा० श्री राजीव जी ने 4D सिद्धान्त प्रस्तुत किया। जिसके अनुसार

1 D- **DREAM** अर्थात छात्र का अपना कोई न कोई सपना होना चाहिए।

2 D- **DETERMINATION-** अर्थात छात्र में अपने सपने को साकार करने का संकल्प होना चाहिए यदि उसके अर्न्तमन में दृढ़ संकल्प नहीं है तो उसका सपना, एक सपना ही रह जायेगा वह हकीकत में नही बदल सकता।

3D- **DEED** अर्थात सत्कर्म।यदि हमारे पास सपना भी है तथा हम उसे साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित भी है लेकिन, बिना सत्कर्म के भी सपना साकार नहीं हो सकता अत: छात्रों को सत्कर्म करना भी अनिवार्य है।

4D- **DEVOTION** अर्थात् भक्ति, समर्पण। यदि छात्र के दिल में सपना है, दृढ़ संकल्प है तथा सत्कर्म भी करता है लेकिन उसके मन में आरूणि व एकलव्य जैसा समर्पण भाव नहीं है तो भी उसके सपने का साकार होना निश्चित नहीं है।

अत: जीवन में सफल होने के लिए विद्यार्थी के पास 4D सिद्धान्त होना ही चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबन्धक श्री अजीत प्रसाद जैन जी ने की। अन्त में डॉ0 राजीव जी ने अपने प्रकाशन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी को सम्मानित किया।

- दिनांक 30.11.2018 को **सर जगदीश चन्द्र बोस जयन्ती** का आयोजन आचार्य श्री केशव कुमार जी के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रर्म के मुख्य वक्ता श्री कोमल सिंह जी (प्रवक्ता जीव विज्ञान) ने अपने उदबोधन में सर जगदीश चन्द्र बोस के संघर्ष व उनके द्वारा की गई खोजों का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष, प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने छात्रों से अपने अन्दर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का आहवान किया।

"खेल उत्सव"

- दि. 01.12.2018 को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ "खेल उत्सव" का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि- श्री गंगाराम जी (क्षेत्रीय सेवा प्रमुख) विद्यालय के अध्यक्ष श्री बिजेन्द्र दत्त शर्मा जी, उपाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र गर्ग जी, प्रबन्धक श्री अजीत प्रसाद जैन जी, उप प्रबन्धक श्री विनोद बंसल जी व प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। उदघाटन सत्र के अपने उदबोधन में श्री गंगाराम जी ने जीवन में खेलो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थी जीवन में खेलों की भूमिका को रेखांकित करते हुए खिलाड़ी भैया, बहनों से सच्ची खेल भावना से खेलने की अपील की। शारीरिक प्रमुख आचार्य श्री अशोक कुमार चौहान जी ने प्रस्ताविकी रखी। कु० छाया चौधरी भैया भूपेन्द्र, अजय कुमार व बहन निशा ने मशाल प्रज्वलित की। उत्तर प्रदेश केशरी व विद्यालय की पूर्व छात्रा कु० प्रियंका चौधरी ने खिलाड़ी भैया, बहनों को शपथ दिलायी। उदघाटन घोषणा के बाद भैया बहनों ने व्यायाम, योग, डम्बल योग, सूर्य नमस्कार, चक्रयोग, आसन व मलखम्भ जैसे साहसिक व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके पश्चात कबड्डी खो-खो, बॉली बाल, बैडमिंटन व शतरंज की प्रतियोगिताएँ आयेजित हुई। सभी विजेता व उपविजेता भैया। बहनों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य-गजेन्द्र सिंह जी ने किया आचार्य श्री अशोक कुमार, पुष्पेन्द्र जी, अमरीश जी, उमेश जी, कैलाश चन्द्र चौबे जी, दिनेश जी, तेजवीर सिंह जी, राम सिंह जी, भावेश जी, अतीश कुमार जी, केशव जी, गजेन्द्रपाल जी प्रेम बाबूजी आदि समस्त आचार्यों ने विशेष परिश्रम किया।

- दिनांक 18.12.2018 को आचार्य श्री मुकेश चन्द शर्मा के संयोजन में **कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन** के संदेश को देकर **'गीता जयन्ती'** का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भैया अभिषेक कुमार व शिवम गौड़ ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता आचार्य श्री तेजवीर सिंह जी ने अपने सार गर्भित उदबोधन में 'गीता' को मानव जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान ग्रन्थ बताया। उन्होंने आत्मा की अमरता व शरीर की क्षण भंगुरता पर प्रकाश डालते हुए निष्काम कर्म करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अधयक्षता प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ताजी ने की।
- दिनांक 22.12.2018 को विद्यालय में आचार्य श्री ललित पाठक जी के संयोजन में **रामानुजन जयन्ती** मनायी गई। इस अवसर पर भैया, अरूण कुमार, हर्षित शर्मा, सोहित मीणा, बहन कु० गरिमा गोस्वामी, कु० सपना व कु० रश्मि ने अपने विचार व्यक्त किये। ललित पाठक जी ने मानव जीवन में गणित के महत्व व उसकी अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गणित प्रवक्ता श्री प्रवीन जी ने गणित चार्ट प्रतियोगिता भी कराई।
- दिनांक 25.12.2018 को भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष श्री अटल विहारी वाजपेयी जी के जन्म दिन के अवसर पर आचार्य श्री तेजवीर सिंह जी के संयोजन में 'काव्यांजलि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्री योगेश गुप्ता जी, वाणिज्य प्रवक्ता श्री कैलाश चन्द चौबेजी,

हिन्दी प्रवक्ता श्री राम सिंह जी आदि ने अटल जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आचार्य श्री गजेन्द्र सिंह जी, बृजेश तिवारी जी, श्री अतीश जी, श्री कैलाश चन्द चौबेजी, श्री तेजवीर सिंह जी, श्री राम सिंह जी आदि ने अटलजी के कविताओं का सस्वर वाचन किया। अन्त में कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री योगेश गुप्ता जी ने अटल जी की कविता की इन पक्तियों से शिक्षा लेने का आहवान किया।

मैं जी भर जीया और मन से मरूँ,
लौटकर आऊँगा कूच से क्यों डरूँ॥

☛ दिनांक 29 व 30 दिसम्बर 2018 को विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री श्री प्रकाश जी विद्यालय में प्रवास पर रहे। दिनांक 30.12.2018 को उन्होंने वन्दना सत्र में अपने उदबोधन में दीपक का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक छोटे से दीपक के निर्माण करने में, किसान, कुम्हार व अनेकों मजदूरों की सहभागिता होती है तब जाकर वह दीपक प्रकाश देने योग्य बनता है। ठीक इसी तरह विद्यार्थी के जीवन निर्माण में उसके परिवार के साथ-साथ उसके गुरूजनों व समाज के अनेक लोगों का योगदान रहता है अत: विद्यार्थी को इन सभी के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए।

☛ दिनांक 31.12.2018 को विद्यालय के त्रैमासिक समाचार पत्र 'कृतिका' के प्रथम अंक के विमोचन का गौरवमयी कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय व कार्यक्रम के अधयक्ष श्री बिजेन्द्र दत्त शर्मा जी, मुख्य अतिथि श्री मनवीर सिंह जी (प्रांतीय संघ चालक रा० स्वयं से० संघ) क्षेत्रीय विद्यायक श्री अनिल शर्मा जी खुर्जा जिले के संघ चालक डा० श्री लक्ष्मी नारायन गुप्ता जी विद्यालय के प्रबन्धक श्री अजीत प्रसाद जैन जी, उप प्रबन्धक श्री विनोद बंसल जी, कोषाध्यक्ष श्री अजय सिंघल जी उपाध्यक्ष, श्री धर्मेन्द्र कुमार गर्ग जी, प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी व अन्य सम्मानित अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुखदीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। 'कृतिका' के सम्पादक श्री मुकेश चन्द शर्मा जी ने प्रस्ताविकी रखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनवीर सिंह जी, डा० प्रमोद कुमार मित्तल जी व अन्य समस्त पदाधिकारियों व अतिथियों द्वारा समाचार पत्र 'कृतिका' का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि श्री मनवीर सिंह जी ने उदबोधन में 'कृतिका' के प्रकाशन की सराहना करते हुए निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर **राष्ट्रीय चिन्तन व राष्ट्रीय चरित्र** पर जोर दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'कृतिका' छात्रों की छिपी प्रतिभा को उजागर करने का एक माध्यम बनेगी। विधायक श्री अनिल शर्मा जी, जिला संघचालक डा० लक्ष्मी नारायण गुप्ता जी, व शिक्षाविद डा० प्रमोद कुमार मित्तल जी ने अपने उदबोधन में छात्र, छात्राओं को राष्ट्रवाद का महत्व व अर्थ समझते हुए अपनी सोच को विस्तृत करने का आहवान कर 'कृतिका' के प्रकाशन पर अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित की। अन्त में प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी न इस अवसर पर पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य गजेन्द्र सिंह जी ने किया।

'विद्यालय की उपलब्धियाँ'

विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 04.11.2018 को विद्यालय में "अटल इनोवेशन मिशन" योजनान्तर्गत "**आधुनिक युग में अर्डिनो, लिगो, कृत्रिम बुद्धि एवं इण्टर नेट युक्त वस्तुओं का उपयोग**" विषय पर Nano And Molecular Society India & Pragati Vigyan Sanstha Meerut के द्वारा विद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 400 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष श्री बिजेन्द्र दत्त शर्मा जी व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव सक्सैना जी (कुलपति जै0 पी0 यूनीवर्सिटी, अनूपशहर) व प्रबन्धक श्री अजीत प्रसाद जैन जी ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। सरस्वती वन्दना के पश्चात प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने मंचासीन समस्त पदाधिकारियों व अतिथियों का परिचय कराया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव सक्सैना जी ने अपने उदबोधन में वर्तमान समय में इण्टरनेट के सही व ज्ञानवर्द्धन हेतु सदुपयोग पर जोर देते हुए इसके दुरूपयोग से बचने का आहवान किया उदघाटन सत्र में ही छात्रों द्वारा निर्मित ड्रोन व रोबोट का प्रदर्शन किया गया।

निति आयोग भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अटल टिकरिंग लैब में कार्यशाला

अटल टिकरिंग लैब में डा० वैभव जैन (प्रो० भौतिक विज्ञान, डी०ए०वी०पी०जी० कालिज बुलन्दशहर) ने छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रयोगों द्वारा कृतिम बुद्धि से परिचित कराया। इसके पश्चात श्री दीपक शर्मा (निदेशक-विज्ञान घर, मेरठ) और उनकी टीम के सदस्यों कु० रोहिनी जी (मलाला पुरूष्कार विजेता) कु० शीतल जी, कु० तुषाजी व देव जी ने भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान व गणित विषयों के विभिन्न प्रयोग प्रस्तुत कर सरलतम विधि से विज्ञान को समझने की कलाका प्रदर्शन 'विज्ञान आओ करके सीखे' कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात छात्र/ छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर निर्मित चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता छात्र/छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानिता किया गया।

प्रथम स्थान - कु0 विधि शर्मा - XII-B, द्वितीय स्थान - प्रशान्त चौधरी - XII-G, तृतीय स्थान - कु0 प्रीति चौधरी XI-B, कु0 श्वेता XI-B

द्वितीय सत्र में Dr. S.P. Singh (Senior Scientist) National Physical Laboratory Delhi के द्वारा मापन व मात्रक विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

Dr. P.K. Singh (Senior Scientist, Dept. of Vegetable & Science IARI, Delhi) के द्वारा कृषि की उन्नत विधियों को प्रस्तुत किया गया। उन्होंने पूसा की 'जय किसान' सरसों को अब तक की सबसे उन्नत किस्म बताया। कु० रोहिनी जी ने ' Science Behind Magic' के माध्यम से अनेक हैरत अंगेज करनामों को अंजाम दिया। अन्त में समापन कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता जी ने समस्त सम्मानित आगुतकों का आभार व्यक्त किया।



खेल प्रतियोगिता

दिनांक 16.11.2018 से 18.11.2018 तक जी.एल.ए. विश्वविद्यालय मथुरा में आयोजित ओपन एथलैटिक्स प्रतियोगिताओं प्रतिभाग किया तथा तीन स्वर्ण, दो रजत व एक कॉस्य कुल 6 पदक जीतकर विद्यालय का परचम फहराया।

विजेता छात्र-

1. भूपेन्द्र शर्मा 12- D - 100 मी. दौड़ I, 200 मी. I,
2. अंकित यादव 11-A - 100 मी. II, 200मी, III
3. जतन कुमार 12- D - गोला फेंक - II,
4. भवी कुमार 12-D - 400 मी. I

दिनांक 4.10.2018 से 8.10.2018 तक कानपुर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'राज्य स्तरीय' खेल प्रतियोगिताओं में बाल वर्ग में भैया रितिक राजौरा (गोला फैक) किशोर वर्ग में भैया कपिल त्यागी (हैमर फैक) व तरूण वर्ग में जतन कुमार (गोला फैक) ने प्रतिभाग किया।

पैर की मोच व छोटी सोच मनुष्य को आगे नहीं बढ़ने देती।

मंडलीय स्काउट गाइड रैली

दिनांक 28.12.2018 से 30.12.2018 तक आयोजित मंडलीय रैली में विद्यालय के स्काउट-गाइड दलों ने अपने प्रशिक्षक आचार्य श्री हरकेश कुमार जी व आचार्या श्रीमती बिन्दु चौधरी व कविता शर्मा जी के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया तथा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तहसील सीनियर वर्ग में स्काउट व गाइड दोनों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य रैली हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया। विजेता छात्र/छात्राओं को विद्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके प्रशिक्षक व प्रशिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

अपनो की पहचान

"मैने सुना है
गिरना भी अच्छा होता है
औकात का पता चलता है
बढ़ते हैं जब हाथ उठाने को
अपनो का पता चलता है।
जिन्हे गुस्सा आता है
वो लोग सच्चे होते है।
मैने झूठो को अकसर
मुस्कराते हुए देखा है।
सीख रही हूँ मैं भी
इसानो को पढ़ने का हुनर
सुना है चेहरे पे
किताबो से ज्यादा लिखा होता है"

दीक्षा शर्मा
XII-D

कामयाबी

रोने से तकदीर बदलती नहीं है,
वक्त से पहले रात कभी ढलती नहीं है।
दूसरों की कामयाबी लगती है आसान,
मगर रास्ते पर कामयाबी मिलती नहीं है।
मिल जाती है कामयाबी जगर इत्तफाक से,
यह सच है कि वह पचती नहीं है।
पानी में आग आसानी से लगती नहीं है।
ऐसा भी लगता है जिन्दगी में अक्सर,
दुनिया हमारे जज्बात समझती नहीं है।
हर शिकस्त के बाद टूटकर जो संभल गया,
फिर कौन सी बिगड़ी बात बनती नहीं है।
हाथ बाँधकर कभी सोचकर देखिए,
अपने आप कोई जिन्दगी संभलती नहीं है।

अमन मीणा
एकादश 'ग'

ईश्वर और माँ

ईश्वर को छप्पन प्रकार के भोजन,
माँ को बासी रोटी भी नहीं।
जिसने कभी खाया नहीं,
चखा नहीं, देखा नहीं, भाला नहीं,
उसे छप्पन प्रकार के भोजन
माँ को सूखी रोटी भी नहीं,
माँ जो खा सकती है, खाना चाहती है
जरूरत है, दरकार भी है उसे सूखी रोटी भी नहीं
ईश्वर जिसे जरूरत भी नहीं है
जो उल्टा औरो को खिलाता है
उसे छप्पन प्रकार के भोजन
सुधी है माँ, उसे आत्मीयता चाहिए।
अपनापन चाहिए।
अपनेपन का अहसास चाहिए, रोटी चाहिए उसे
उसे रोटी भी नहीं
ईश्वर जो तथा कथित है, है भी या नहीं,
उसे छप्पन प्रकार के भोजन
जिस दिन ईश्वर ने भोजन खा लिया
या चखकर भी देख लिया,
उसे छप्पन प्रकार के भोजन तो क्या
रोटी भी नसीब नहीं होगी माँ की तरह।

आदित्य भारद्वाज
द्वादश वर्ग- X

Jawans on the Border

Jawans on the border
Keep us in order
Risk their life
Fight the strife
with Rifles, to Fight for what's right
Watch through the night
Rain, Sun and Thunder Storm
Don't make a difference in any form
Always active and alert
Put up their best effort
To ensure the unity of our land
Deal Fiercely, for they are the jewels of this land
let us fold before them our hands
survivors, soldiers in deed
protecting the people in need

Deepanshu Sharma
Class : 8 C

Innovation in Education

Now-a days, we are leading our lives in the age of innovation. Today, things are not as they used to be in the past. It is the time of revolutionary changes in every aspect of life so it becomes an urgent need to innovate our educational system. Innovation in education means doing what is best for all the students. Teachers, lessons and curriculum have to be flexible. We have to get our students to think and ask questions. We need to pique their curiosity and way to keep them interested. Innovation means change, so we have to learn that our students need more than skills to pass the state of assessments given every spring. We should give them tools that us make them productive in future.

Yogesh Chandra Gupta
(Let. In English)

जिसकी आँखों पर अंहकार का पर्दा पड़ा हो, उसे न तो दूसरों के गुण दिखाई देते है और न, ही अपने अवगुण।

"डर है कि" "बिक न जाएँ"

बिक रहा है पानी, पवन बिक न जाएँ
बिक रही है धरती, गगन बिक न जाएँ,

चाँद पर भी बिकने लगी जमी
डर है कि सूरज की ताप बिक न जाएँ,

हर जगह बिकने लगी स्वार्थ नीति,
डर है कि कही धर्म बिक न जाएँ,

देकर दहेज खरीदा गया है अब दुल्हे को,
कही उन हाथों दुल्हन बिक न जाएँ।

हर काम की रिश्वत ले रहे अब ये नेता,
कही इन्ही हाथो में वतन बिक न जाऐ।

सरेआम बिकने लगा अब तो सांसद,
डर है कि संसद भवन बिक न जाएँ।

आदमी मरा तो भी आँखे खुली है,
डरा है मुर्दा, कही कफन बिक न जाएँ।

सोनम भारद्वाज
कक्षा - 7 A

आओ मिलकर पेड़ लगाए

आओ मिलकर पेड़ लगाएँ
हरा भरा ये देश बनाँए
वातावरण को स्वच्छ बनाकर
इस जीवन को स्वस्थ बनाएँ
पेड़ ना कोई कटने पाएँ
जंगल अब ना घटने पाएँ
मिलकर हम सब कसम ये खाएँ
पेड़ देते है प्राण वायु
जीवन इससे हो दीर्घआयु
खुद समझे औरों को बताएँ
आाओ मिलकर पेड़ लगाएँ
हर इक का यह फर्ज है बनता
कम से कम एक पेड़ लगाएँ
पल पल बढ़ते प्रदूषण पर
आओ मिलकर रोक लगाएँ

आदित्य शर्मा
कक्षा १० A

विज्ञान और वैज्ञानिक

गृाहम साहब लेकर आये, अपने संग में टेलीफोन पर सन्तोष हुआ न उनको, पुनः बनाया माइक्रोफोन थॉमस अल्वा चकराये, ईजाद किया तब ग्रामोफोन और बनाया रात का सूरज भूलेगा अब उनको कौन दूर की चीजे दिखला दी, गौलियो ने दे टेलीस्कोप छोटी चीजे दिखलाई, जान सन से देकर माइक्रोस्कोप धरती अम्बर एक कर दिया, राइट ब्रदर्स ने दे ऐरोप्लेन, लिखने हेतु वाटर मैन ने, दे दिया फाउण्टेन पेन कठिन कार्य गणना का देखा, पास्कल लाये कैलकुलेटर

इधर शोल्ज भी कूद पड़े, लेकर अपने टाइपराइटर ले मशीनगन जेमस ने, बोला कर दूगा शूट हवा मे लेकिन तैर गया, गरनैरी का पैराशूट।

चाहत अली खान
10th D

मेरा विद्यालय

छोटे बड़े धनी निर्धन का,
और ग्रामीण किसान का।
ये सूरजभान मन्दिर है, भैय्या पूरे हिन्दुस्तान का।।
इसका लक्ष्य अच्छी शिक्षा, घर-घर तक पहुँचाना है।
और सामाजिक दायित्वों को, पूरा करते जाना है।
ये हामी है, यहाँ सभी के अधरो की मुस्कान का।
ये सूरजभान.....
संस्कार और शिक्षा का व्यापक अभियान चलाया है।
और अपनी सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाया है।
इसने रखा ध्यान सभी की, सेवा और सम्मान का।
ये सूरजभान.....
इसने संस्कारिता शिक्षा का, घर-घर व्यापक प्रचार किया।
गाँव बस्ती और नगर से, दूर सकल अँधियार किया।
इसने दिखाया रास्ता सबको, खुशहाली और कल्याण का।
ये सूरजभान.....
प्रवेश ले और शिक्षा पायें, यह सबको समझाता है।
और जरूरत पड़ने पर, शुल्क भी मुक्त कराता है।
ये रखता है ध्यान सभी के, सपनों के अरमान का।
ये सूरजभान.....

दीपांशू शर्मा कक्षा 8 A

'वक्त नहीं'

हर खुशी हैं लोगों के दामन में
पर एक हंसी के लिए वक्त नहीं।
दिन रात दौड़ती इस दुनिया में,
जिन्दगी के लिए वक्त नहीं।
माँ की लोरी का एहसास तो है,
पर माँ को माँ कहने का वक्त नहीं।
सारे रिश्ते मार चुके हम
पर दफनाने का वक्त नहीं।
आँखों में है नींद भरी,
पर सोने के लिए वक्त नहीं।
दिल भरा हुआ है गमों से,
पर रोने का वक्त नहीं।
तू ही बता ऐ जिन्दगी
इस जिन्दगी का क्या होगा,
जब हर पल मरने वालों को
जीने के लिए वक्त नहीं।

दीप्ती शर्मा कक्षा 12 D

राष्ट्रहित में स्वदेशी अभियान

राष्ट्रहित का गला घोटकर छेद न करना थाली में, मिट्टी वाले दीये जलाना अबकी बार दिवाली में, देश के धन को देश में रखना नहीं बहाना नाली में मिट्टी.....
बने जो अपनी मिट्टी से वो दीये बिकें बाजारों में, छुपी हुई वैज्ञानिकता अपने सभी तीज त्यौहारों में। चाइनीज झालर से आकर्षित कीट-पतंगे आते है, मिट्टी के दीये में जलकर वर्षाती कीड़े मर जाते हैं। कार्तिक दीप दान से बदले पित्त दोष खुशहाली में,
मिट्टी.....
कार्तिक अमावस्या वाली रात न अबकी काली हो, दीये बनाने वालों की भी खुशियों भरी दीवाली हो। अपना पैसा जाये अपने भाई की झोली में, गया नो दुश्मन देश को पैसा, लगेगा राइफल गोली में, देश की सीमा रहे सुरक्षित चूक न हो रखवाली में।
मिट्टी.....

नितिन कुमार
१२ A

बुरी आदत के सामने झुकने वाला व्यक्ति अपने ऊपर राज्य करने का अंधाकार खोदेता है।

Ex-Student of Our College

मैं (डा० अमित कुमार) सू० स० वि० मं० इ० का० के छात्रावास का छात्र रहा हूँ। छात्रावास की अनुशासित एवं व्यवस्थित दिनचर्या व विद्यालय में गुरूजनों के उचित मार्ग दर्शन मेरी सफलता का आधार बना, जिसके लिए में विद्यालय का हमेशा आभारी रहूँगा।

Dr. Amit Kumar
MPT,
Santosh Medical College
Ghaziabad

मैं (डा० शिव प्रताप) सू० स० वि० मं० इ० का० के छात्रावास में 1996 से 2000 तक रहा हूँ। आज मैं जिस मुकाम पर हूँ उसमें छात्रावास की व्यवस्थित– दिनचर्या व विद्यालय के उत्तम अनुशासन व गुणवक्ता युक्त शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है जिसके लिए में विद्यालय का ऋणि रहूँगा।

Dr. Shiv Pratap
MBBS, MD, Physician,
Senior Resident Swami
Dayanand Hospital,
Dilshad Garden, Delhi

मैं (डा० आशीष शर्मा) अपनी सफलता का श्रेय सूरजमान सरस्वती विद्या मं० इ० का० के संस्कारमयी वातावरण व गुणवत्ता युक्त शिक्षण को देता हूँ और भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि विद्यालय और उच्च कोटि के हीरों को तराश्ने में निरन्तर अग्रणी रहें।

Dr. Ashish Sharma
MBBS, DCH,
DNB, MIAD
Matra Chhaya Hospital,
Bulandshahr

मैं नितिन चौधरी सू०स०वि०मं० का छात्र रहा हूँ जहाँ छात्र के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न क्रिया–कलापों में से छात्र संसद भी एक आयाम है। मुझे छात्र संसद में मंत्री बनकर अपने उत्तरदायित्वों को बोध यहीं से हुआ। मैं अपनी सफलता के लिए हमेशा विद्याालय का आभारी रहूँगा।

Nitin Chaudhary
Member,
Nagar Palika,
Shikarpur

India's Achievement In Science 2018

1. ISRO developed an atomic clock that will in navigation satellites to measure precise location data.
2. A team of Indian astronomers had discovered on extremely large 'Supercluster of galaxies' that has been named 'Saraswati
3. ISKO launched 110u Satellites (This is the highest number of satellites have been ever launched in the world.
4. Rifath Sharook, on 8 year old from karur in Tamil Nadu, scripted history ley designing the world's smallest 3 satellite named 'Kalamsat'
5. The mars orbiter mission made India the only nation in the world to reach mars in its first attempt.

Sakshi Sharma
Class 9th (A)

Article on Swachh Bharat Mission

Prime Minister Narendra Modi launched the Swachh Bharat Mission (SBM) on October 2nd, 2014 the 145th birth anniversary of Mahatma Gandhi The ambitious programme aims to make the struts roads and infrastructure areas the country clean by October 2nd, 2019 the 150th Birth anniversary of the Father of Nation. It is India's biggest we cleanliness drive.

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Kartik Mittal
Class 9th (A)

Other Institutions :

- Saraswati Vidya Mandir Kanya College
- Saraswati Vidya Mandir Law College
- Vishwa Karma Mini Technical Institute
- Shyamlal Saraswati (P.G.) College
- Ch. Charan Singh Hostel

Salient Features :

* Teaching By Well-qualified Staff.
* Educational tours for Multi-lateral Development.
* Well-Equipped Laboratories and Nice Transport Facilities.
* Facility of Scout and Guide and NCC 39 U.P. Batalian (J.D/S.D/J.W) Boys & Girls
* Students Participation in National Games (SGFI).
* Teaching By I.T. Lab. & Computer Science.
* Information of Students to the Guardians through messaging.
* Yoga Classes, Enrichment of Moral & Spiritual values in students.

Admission Open

Establishment of ATAL TINKERING LAB By Govt. of India

Session 2019-2020
Admission Start From 20 March

Ph. : 9258321272, 74, 77

अन्जान होना उतनी लज्जा की बात नहीं, जितनी सीखने के लिये तैयार न होना।